बरेली, शनिवार
13 जुलाई 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

Page NO :03 Left side

टेबल टेनिस : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में श्री राममूर्ति मेमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता सुबह नौ बजे।

Page No :11 Middle

पहले दिन खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस में शुक्रवार से शुरू हुई प्रदेश स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2019 में पहले दिन बालिका व जूनियर बालक वर्ग के करीब 60 मैच खेले गए। खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया।

पहले दिन बालिका वर्ग में गाजियाबाद की अनिका गुप्ता ने कानपुर की नंदिता गुप्ता को 11-6,11-6 व 11-8 अंकों से हराया। वहीं, वाराणसी की अनोखी केसरी ने आगरा की अर्चिता अग्रवाल को 11-7,11-3,11-3 से शिकस्त दी। प्रयागराज की इशिता ने कानुपर की वरुनवी मिश्रा को 11-9,8-11, 11-7, 11-8 अंकों से पराजित कर दिया। गाजियाबाद की त्रिशा ने कानपुर की अमिशा गुप्ता को 11-2, 12-10, 11-6 अंक के अंतर हरा दिया। जूनियर बालक वर्ग में आगरा के हर्ष शाह ने कानुपर के ओजी पांडेय को 11-5, 11-7, 11-9 से हराकर बाजी मार ली। गाजियाबाद के पार्थ बेलवाल ने लखनऊ के श्रेय सिंह को 11-4,11-7, 11-9 से पराजित किया। गाजियाबाद के अरविंद चौधरी ने प्रयागराज के दीपक यादव को 11-8,11-8,11-6 से हराया। लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने लखनऊ के ही हर्ष जोशी को 7-11,11-5,11-9,11-7 से शिकस्त दी। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ ट्रस्ट प्रशासक ई. सुभाष मेहरा ने किया। मीडिया प्रभारी वरुण जुनेजा ने बताया, शनिवार को जूनियर बालिका व कैडेट बालक वर्ग के मुकाबले होंगे। विजेता को 70,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

एसआरएमएस में चल रही टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी • जागरण

खेल-कूद

- प्रदेशस्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2019 का हुआ शानदार आगाज
- बालिका व जूनियर बालक वर्ग के ज्यादातर मैचों में देखने को मिला कड़ा मुकाबला